भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1507
09 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में रिक्तियां

1507. श्री यूसुफ पठान:
श्रीमती रचना बनर्जी:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में विभिन्न श्रेणियों में स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है, कार्यरत पद कितने हैं और आरक्षित पद कितने हैं और साथ ही इन रिक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) मंत्रालय और उसके विभाग में 2014 से वर्ष-वार और श्रेणी-वार रिक्तियों की संख्या कितनी है साथ ही आरक्षित पद कितने हैं; और

(ग) मंत्रालय द्वारा 2014 से वर्ष-वार और श्रेणी-वार नियुक्त किए गए संविदा कर्मचारियों की संख्या कितनी है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में दो विभाग शामिल हैं अर्थात, मत्स्यपालन विभाग तथा पशुपालन और डेयरी विभाग ।

मत्स्यपालन विभाग तथा पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा जिन पदों के लिए भर्ती की जाती है उनके संदर्भ में 03.12.2025 की स्थिति अनुसार आरक्षित पदों समेत स्वीकृत और भरे हुए पदों की संख्या का विवरण निम्नलिखित है:- –

विभाग का नाम	स्वीकृत पदों की संख्या	भरे हुए पदों की संख्या	रिक्त पदों की संख्या	श्रेणीवार रिक्तियाँ				
				अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग
मत्स्यपालन विभाग	37	29	8*	2	-	1	1	2
पशुपालन और डेयरी विभाग	137	112	25**	11	1	2	3	5

*02 रिक्त पद प्रतिनियुक्ति आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियाँ हैं ।

**03 रिक्त पद प्रतिनियुक्ति आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियाँ हैं ।

(ख) मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, चूंकि मई 2019 में अस्तित्व में आया अत: 2020 से मत्स्यपालन विभाग तथा पशुपालन और डेयरी विभाग में आरक्षित पदों सहित रिक्तियों की वर्षवार और श्रेणीवार संख्या का विवरण निम्नलिखित हैः –

i) मत्स्यपालन विभाग :-

क्र.सं.	वर्ष	रिक्ति की संख्या	श्रेणी-वार रिक्तियाँ				
			अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग
1.	2020	9	4	1	1	2	1
2.	2021	10	4	1	1	3	1
3.	2022	13	4	2	1	3	3
4.	2023	12	3	2	1	3	3
5.	2024	10	4	1	1	2	2
6.	2025	6	2	0	1	1	2

ii) पशुपालन और डेयरी विभाग:-

क्र.सं.	वर्ष	रिक्ति की संख्या	श्रेणी-वार रिक्तियाँ				
			अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग
1.	2020	22	9	3	3	5	2
2.	2021	21	9	3	3	4	2
3.	2022	18	9	3	2	2	2
4.	2023	22	10	3	2	3	4
5.	2024	17	9	1	1	3	3
6.	2025	22	11	1	2	3	5

(ग) संविदा कर्मचारियों को मंत्रालय के दोनों विभागों की कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार आउटसोर्सिंग एजेंसियों / गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GeM) में एम्पानेल किए गए सेवा प्रदाताओं के माध्यम से रखा जाता है। इसके अलावा, इन कर्मचारियों को दोनों विभागों में आवश्यक योग्यता और दक्षता के अनुसार वेंडर द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है। आउटसोर्स किए गए कर्मियों की संख्या समय-समय पर बदल सकती है, अत: श्रेणी वार रोस्टर मेंटेन नहीं किया जाता है।

****